
एक नजर में

## रसोई गैस सिलेंडरों की आपूर्ति उपभोक्ताओं को निर्धारित दर और समय पर करें सुनिश्चित...



**रतलाम।** कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर डॉ शालिनी श्रीवास्तव द्वारा एलपीजी गैस वितरकों की बैठक ली गई। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी आनंद गोले सहित गैस वितरक उपस्थित थे। जिसमें सभी गैस एजेंसी संचालकों को जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति घरेलू उपभोक्ताओं को निर्धारित दर एवं निर्धारित समय पर हॉकरों के माध्यम से सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। समस्त गैस एजेंसी वितरकों को निर्देशित किया गया कि वे उपभोक्ताओं को घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति निर्बाध रूप से करने के लिये उपभोक्ताओं द्वारा की गई रिफिल बुकिंग की डिलेवरी एफआईएफओ आधार पर करेंगे। उनके द्वारा प्रतिदिन उपलब्ध स्टॉक/बैकलॉग/बुकिंग की जानकारी कार्यालय को उपलब्ध कराई जायेगी। घरेलू गैस सिलेंडरों का किसी भी कारण से दुरूपयोग या व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में उपयोग नहीं किया जाए। समस्त गैस वितरकों द्वारा अपने हॉकरों को निर्देशित करेंगे कि वे उपभोक्ताओं से अच्छा व्यवहार करें तथा निर्धारित दर से ज्यादा राशि उपभोक्ताओं से नहीं ली जाए। इसके साथ ही समस्त सेल्स ऑफिसरों कों निर्देशित किया जाए कि, वे अपने क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गैस एजेंसी के संचालकों को कडाई से नियमों का पालन करवायेंगे। अन्यथा उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## विश्वकप में भारत की विजय की कामना के लिए किया अभिषेक



**रतलाम।** श्री सनातन धर्म सभा रतलाम द्वारा शनिवार बागड़ों का वास स्थित श्रीअगर जी के मंदिर में चौमुखा महादेव का अभिषेक कर आगामी रविवार को अहमदाबाद में होने जा रहे हैं टी 20 विश्व कप में भारत को विजयश्री दिलाने के लिए प्रार्थना की गई। यह अभिषेक समाजसेवी प्रशांत व्यास उनकी धर्मपत्नी श्रीमती दीपाली व्यास सुपुत्री सुश्री ध्वनि व्यास के द्वारा किया गया। चौमुखा महादेव पर नित्य हो रहे अभिषेक की इस श्रृंखला में इससे पूर्व अभिषेक आयोजन प्रमुख जुगल पंड्या, श्रीमती राधिका, दोनों सुपुत्र ओजस व भव्य सहित पूरे परिवार द्वारा अभिषेक किया गया था। चौमुखा महादेव के अभिषेक के लिए भक्ति भाव से श्रद्धालु जन आगे आ रहे हैं ।विगत दिवस शहर में नृत्य प्रशिक्षण केंद्र संचालित कर रहे प्रेम स्वामी के परिवार द्वारा भी अभिषेक कराया जा चुका है। उक्त जानकारी देते हुए सनातन धर्म सभा के वरिष्ठ राम प्रसाद व्यास ने बताया की पंडित त्रिभुवन पंड्या के द्वारा कराए गए अभिषेकों के अवसरों पर श्रद्धालुओं के साथ-साथ अध्यक्ष अनिल झालानी, संयोजक जुगल पंड्या एवं व्यवस्थापक अंकित मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# रंगारंग गेर आज, पुलिस ने रूट का किया निरीक्षण

### ड्रोन कैमरे से की गई सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** रंगपंचमी का पर्व आज मनेगा। सुबह 11 बजे धानमंडी से रंगारंग गेर निकलेगी। इसमें फाइटर से रंगों की बौछार करने के साथ ही मशीन से गुलाल और फोम उड़ाया जाएगा। शनिवार को गेर को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्थाओं की व्यापक समीक्षा की गई।

पुलिस अधिकारियों ने गेर के निर्धारित रूट का निरीक्षण किया गया। इस दौरान संपूर्ण मार्ग का ड्रोन कैमरे के माध्यम से भी निरीक्षण कर सुरक्षा एवं भीड़ नियंत्रण की दृष्टि से आवश्यक बिंदुओं का आकलन किया गया। एसपी अमित कुमार के निर्देशन एवं एएसपी विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन में सीएसपी सत्येंद्र कुमार घनघोरिया के नेतृत्व में निरीक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा मार्ग के संवेदनशील स्थानों, प्रमुख चौराहों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों का अवलोकन करते हुए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एएसपी विवेककुमार लाल ने बताया कि रंगपंचमी के अवसर पर शहर में शांति, सुरक्षा एवं सुव्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा तथा ड्रोन, सीसीटीवी एवं अन्य आधुनिक संसाधनों के माध्यम से सतत निगरानी रखी जाएगी। निरीक्षण कर कार्यक्रम में भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा के मद्देनज़र आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।




### धानमंडी से निकलेगी गेर

आज रंगपंचमी का पर्व मनाया जाएगा। धानमंडी से निकाली जाने वाली गेर में मशीन से गुलाल उड़ाया जाएगा, साथ ही फाइटर से रंगों की बौछार की जाएगी। इसके लिए सुबह 11 बजे धानमंडी से रंगारंग गेर निकाली जाएगी। इसमें घोड़े, ऊंट, ढोल-ताशे, डीजे, बैंड के साथ युवाओं की टोलियां झूमते हुए रंगों में सराबोर होकर निकलेंगी। इसमें फाइटर से रंगों की बौछार करने के साथ ही मशीन से गुलाल और फोम उड़ाया जाएगा। अक्षय मित्र मंडल और नर नारायण ग्रुप द्वारा निकाली जाने वाली गेर को लेकर तैयारियां अंतिम चरणों में चल रही हैं। वहीं इस बार ब्राह्मणों का वास से गेर नहीं निकाली जाएगी। व्यास ने बताया कि ब्राह्मणों का वास निवासी 16 साल के किशोर की आकस्मिक मौत हो गई थी। कुछ दिन पहले ही हुए घटनाक्रम को देखते हुए इस बार ब्राह्मणों का वास से गेर नहीं निकाली जाएगी।

**20 क्विंटल गुलाल, 12 किलो रंग से रंगेगा शहर:** अक्षय मित्र मंडल और नर नारायण ग्रुप के तत्वावधान में 8 मार्च की सुबह 11 बजे रंगारंग गेर निकाली जाएगी। इसमें आगे-आगे 3 घोड़े, 1 ऊंट के साथ बैंड, डीजे, ढोल-ताशे शामिल रहेगी।

### गैर का निर्धारित रूट यह रहेगा

गैर धानमण्डी से प्रारंभ होकर गणेश देवरी, न्यू क्लॉथ मार्केट, जमनालाल स्वीट्स, महालक्ष्मी मंदिर के सामने, घांस बाजार चौराहा, चौमुखी पुल, चाँदनी चौक, तोपखाना, हरदेवलाला पिपली, रानी जी का मंदिर, नाहरपुरा चौराहा होते हुए डालूमोदी चौराहा पहुंचकर समाप्त होगी।

आयोजक अक्षय व्यास ने बताया कि गेर में मशीन से 20 क्विंटल से ज्यादा अलग-अलग रंगों के गुलाल उड़ाए जाएंगे। फाइटर के माध्यम से 12 किलो गुलाबी रंग उड़ाया जाएगा। फाइटर के साथ-साथ एक पानी का टैंकर भी चलेगा।

**रंगारंग मंच की हुई बैठक:** दो बत्ती चौराहे पर होने वाले कार्यक्रम को लेकर रंगारंग मंच की बैठक हुई। इसमें व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। इस बार रंग पंचमी का आयोजन और भी भव्य तरीके से किया जाएगा। जहां चौराहे पर रंगों की बारिश होगी, वहीं भारी मात्रा में विभिन्न रंगों का गुलाल भी उड़ाया जाएगा। होली के गीत हर आने जाने वाले को रंगों से सराबोर करेंगे। इसमें शहर के लोग शामिल होकर रंगों का आनंद लेंगे, महिलाएं भी शामिल होंगी।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष

# संघर्ष से शिक्षिका बनी ललिता कदम

### बालिकाओं को आत्मरक्षा का दे रहीं प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** सीमित संसाधनों में जन्म लेकर कठिन परिश्रम से शिक्षिका बनने वाली ललिता कदम आज क्षेत्र की बालिकाओं के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। मजदूर परिवार में जन्मी ललिता ने आठवीं कक्षा के बाद अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए स्वयं मेहनत की। उन्होंने एसटीडी दुकान पर कार्य किया और टाटानगर क्षेत्र के बच्चों को ट्यूशन पढ़ाकर अपनी उच्च शिक्षा पूरी की। आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को निःशुल्क पढ़ाना उन्होंने तभी से शुरू किया, जिसे आज भी जारी रखे हुए हैं।

बीए और अन्य दो विषयों में एमए करने के बाद उनका चयन शिक्षिका पद पर हुआ। पहली नियुक्ति बड़ौदा संकुल, नामली में हुई। नामली में पदस्थ रहते हुए उन्होंने छात्राओं को न केवल शिक्षा दी, बल्कि अपने खर्च से जरूरतमंद बालिकाओं को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई। विद्यालय समय के अतिरिक्त एक घंटा आत्मरक्षा प्रशिक्षण, लाठी चलाना, जूडो तथा गुड टच-बैड टच की जानकारी देकर बालिकाओं को जागरूक किया।

वर्तमान में वे उच्च माध्यमिक शिक्षक के रूप में एकीकृत शासकीय नित्यानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोसवास में पदस्थ हैं और छात्राओं के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

ललिता कदम को कबीर कोहिनूर सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान कबीर महापरिनिर्वाण दिवस पर डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र, भीम हॉल, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया, जहां देशभर की विशिष्ट हस्तियों को सम्मानित किया गया। सम्मान के लिए मध्यप्रदेश से कुल सात लोगों का चयन किया गया था, जिनमें उज्जैन संभाग से एकमात्र शिक्षिका के रूप में ललिता कदम का चयन हुआ। वे अब तक 18 बार सम्मानित किया जा चुका हैं।

### बिना डिगे कार्य करें, अवश्य मिलेगी सफलता...



शिक्षिका ललिता कदम का कहना है कि संघर्ष से ही सफलता मिलती हैं। महिला दिवस के अवसर पर उन्होंने कहा कि हर कार्य में संघर्ष होता हैं बिना डिगे कार्य करे चले सफलता अवश्य मिलेगी और परिणाम अच्छा ही होगा।



## ईदगाह का निरीक्षण कर मरम्मत के निर्देश

**रतलाम।** ईद पर्व को देखते हुए शहर के ईदगाह का निरीक्षण शनिवार को किया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान प्रदेश महिला कांग्रेस महासचिव एवं कांग्रेस पार्षद यास्मीन शेरनी तथा अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन कमेटी के सदर इब्राहिम शेरनी, स्वास्थ्य समिति प्रभारी राजेंद्र सिंह पंवार, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि इक्का बेलुत, प्रोफेसर इमरान खान और क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि भरत सेन उपस्थित रहे। इस दौरान ईदगाह परिसर की साफ-सफाई, रंग-रोगन और मरम्मत कार्यों का जायजा लिया गया। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि ईद पर्व से पहले सभी आवश्यक कार्य समय-सीमा में पूर्ण करें।

## समर्थन मूल्य पर 65 केन्द्रों पर होगी गेहूं की खरीदी

**रतलाम।** कलेक्टर मिशा सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर सभाकक्ष में जिला उपार्जन समिति की बैठक हुई। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी आनंदगोले सहित उपार्जन समिति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में बताया कि आगामी रबी विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 + 40 रूपये बोनस पर गेहूं की खरीदी 16 मार्च से 5 मई, तक प्रति सोमवार से शुक्रवार तक की जावेगी। जिले में गतवर्ष अनुसार ही 65 उपार्जन केन्द्रो पर गेहूं खरीदी समर्थन मूल्य पर की जायेगी । बैठक में उपार्जन केन्द्र पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित किए जाए के निर्देश दिए।

## एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान में 191 बालिकाओं को लगा टीका

### आज भी चयनित केंद्रों पर होगा टीकाकरण

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए चलाए जा रहे एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान के तहत अब तक 191 बालिकाओं का टीकाकरण किया जा चुका है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संध्या बेलसरे ने बताया कि बालिकाओं को गंभीर बीमारी से बचाने के उद्देश्य से यह अभियान लगातार जारी है और रविवार 8 मार्च को भी चयनित स्वास्थ्य केंद्रों पर वैक्सीनेशन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जिले में बाल चिकित्सालय रतलाम, मेडिकल कॉलेज रतलाम, सिविल अस्पताल आलोट और जावरा सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नामली, बाजना, सैलाना और ताल-पिपलोदा में प्रतिदिन एचपीवी वैक्सीनेशन किया जा रहा है। कार्यक्रम शुरू होने के बाद से अब तक कुल 191 बालिकाएं टीकाकरण का लाभ ले चुकी हैं।

सीएमएचओ डॉ. बेलसरे ने बताया कि जिन बालिकाओं ने अपना 14 वां जन्मदिन पूरा कर लिया है और 15वां जन्मदिन नहीं मनाया है, वे इस वैक्सीनेशन के लिए पात्र हैं। उन्होंने कहा कि बाजार में इस वैक्सीन की कीमत लगभग 4000 रुपये तक होती है, लेकिन शासन द्वारा यह टीका पूरी तरह निशुल्क लगाया जा रहा है।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील ने बताया कि टीकाकरण के लिए ऑनलाइन विन पोर्टल के माध्यम से भी बुकिंग की जा सकती है या सीधे टीकाकरण केंद्र पर पहुंचकर टीका लगवाया जा सकता है। आयु प्रमाण के लिए कोई भी दस्तावेज या स्वयं का घोषणा पत्र मान्य रहेगा। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी 14 वर्ष की बेटियों का नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर निःशुल्क टीकाकरण कराकर सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव सुनिश्चित करें।

# प्राचीन शीतला माता मंदिर पर दो दिनी मेला कल से



### सीएमओ रहेंगे मेला अधिकारी आयोजन की तैयारियां शुरू

**नवभारत न्यूज**

**नामली।** शीतला सप्तमी के अवसर पर पलदुना रोड स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर पर आयोजित होने वाला दो दिवसीय पारंपरिक मेला 9 मार्च से शुरू होगा। इस वर्ष मेले के संचालन की जिम्मेदारी नगर परिषद संयुक्त रूप से निभाएगी, जबकि नगर परिषद सीएमओ नासिर अली मेला अधिकारी के रूप में व्यवस्थाओं की कमान संभालेंगे।

7 मार्च से मेला प्रांगण में दुकानों के लिए प्लाट आवंटन ओर वाहन स्टैंड ठेका नीलामी की प्रक्रिया के साथ मेला संबंधित अन्य आवश्यक तैयारियां शुरू की जाएगी

दो दिवसीय मेले का शुभारंभ शीतला माता मंदिर पर 9 मार्च से होगा। यहां रात्रिकालीन संगीतमय सुंदर कांड से मले की शुरू होगी। 10 मार्च को भी शीतला माता मंदिर पर ही सम्पन्न होगा। 11 मार्च को एक दिवसीय मेला फोरलेन स्थित न्यू बस स्टैंड प्रांगण में आयोजित किया जाएगा।

### संयुक्त नगर परिषद की रहेगी जिम्मेदारी...

इस बार मेला अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हो पाई है। नगर में आयोजित होने वाले मेले के संचालन की जिम्मेदारी संयुक्त नगर परिषद के जिम्मे रहेगी। अध्यक्ष नहीं होने से सीएमओ ही मेला अधिकारी की कमान संभालेंगे।

**अनीता राजनिश परिहार**
- अध्यक्ष,न.प.नामली

# राष्ट्र सशक्तिकरण में महिलाएं अपनी अहम भूमिका निभाएं : डॉ . शर्मा

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सम्मान, संगोष्ठी और खेलकूद कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** सेंट्रल गवर्नमेंट एवं रेलवे पेंशन संगठन की पेंशनर महिला समिति द्वारा दो बत्ती स्थित एक निजी होटल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया।

मुख्य अतिथि डॉ. अर्चना शर्मा अध्यक्ष, डॉ. हंसा शाह स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं विशेष अतिथि डॉ.मिली शाह सर्जन एवं विशिष्ट मेहमान सुश्री हंसी शिवानी एवं मैडम जोशी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर




कार्यक्रम की शुरुआत की महिला समिति की अध्यक्ष प्रेमलता जैन सचिव जया शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉक्टर शर्मा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण में महिलाओं को स्वयं सशक्त ना हो बल्कि देश को सशक्त करने में अपनी अहम भूमिका निभायें हमें वेदों और शास्त्रों की ओर जाना चाहिएऔर उसका ज्ञान भी दूसरों को बताना चाहिए। अब हम सेवानिवृत्त के बाद राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभायें धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक गतिविधियों में संलग्न रहे और स्वस्थ रहें। कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉक्टर शाह ने कहा किआप स्वस्थ है यह अच्छी बात है लेकिन समय रहते जांच हो जाए तो भयंकर बीमारी से बचा जा सकता है ।महिलाओं में अक्सर एक उम्र के बाद बीमारी अपना घर बनाती है लेकिन आज हर चीज का इलाज संभव है रोबोटिक सर्जरी है,कैंसर के भी इलाज है लेकिन इन सब चीजों के लिए आपको आगे आना होगा और जांच करानी चाहिए।

विशेष अतिथि डॉक्टर मिली शाह ने कहा किआप सभी इस उम्र में भी स्वस्थ है मैं बधाई देती हूं आपको हम महिलाएंअपनी दोहरी भूमिका में स्वास्थ्य को नजरअंदाज करती हैं लेकिन अब स्वास्थ्य जरूरी है तो ही जिंदगी है इसलिए आप अपने को स्वस्थ रहेंऔर जहां संभव है वहां जरूर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लें ।कार्यक्रम को मैडम जोशी, हंसी शिवानी ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम के दौरान इनव्हरी क्लब की बबीता श्रीवास्तव,शोभा टंडन,सुनीता तिवारी की ओर से भी सभी का माला एवं से स्वागत किया गया ।सभी को गिफ्ट प्रदान किए गए तथा प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मनोरमा गहलोत द्वितीय पुरस्कार सुषमा गहलोत को प्रदान किए गए। कार्यक्रम में ईंदू जैन, प्रभा पांडे, वीणा मोदी,रीता दीक्षित,माया शर्मा ,मनोरमा, रमाश्रीवास, सविता खंडारे,गुनगुन शर्मा, दीपिका परमार, उपस्थित रही। संगठन अध्यक्ष प्रकाश व्यास ने आभार माना। संचालन प्रेमलता जैन,जया शर्मा व्यक्त ने किया।

## जन्म-दीक्षा कल्याणक महोत्सव की तैयारियां शुरू

**जावरा।** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव (आदिनाथ) के जन्म एवं दीक्षा कल्याणक महोत्सव को लेकर जावरा में तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। इस संबंध में जैन मंदिर पिपली बाजार में अखिल भारतीय श्री जैन श्वेतांबर युवक महासंघ की बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाजजनों ने महोत्सव को भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया। इस मोके पर प्रदेश अध्यक्ष अनिल दसेड़ा ने अपनी बात रखी। बैठक में निर्णय लिया गया कि 11 मार्च को भगवान आदिनाथ के जन्म एवं दीक्षा कल्याणक महोत्सव प्रदेश के साथ नगर में भी सकल जैन समाज के सहयोग से मनाया जाएगा। महोत्सव के अंतर्गत प्रातः स्नात्र पूजन,भव्य शोभायात्रा, नवकारसी, दादा आदिनाथ भगवान की ध्वजा स्थापना,पंच कल्याणक पूजन तथा शाम को महा आरती एवं भक्ति का आयोजन किया जाएगा। भव्य शोभायात्रा समकीत ग्रुप के सहयोग से निकाली जाएगी।

# रंगपंचमी आज : निकलेगी पांच गेरें, उड़ेगा रंग-गुलाल

नवभारत न्यूज

**जावरा।** रंगो का पर्व होली और धुलेंडी निपटने के बाद रंगपंचमी का पर्व रविवार को शहर में मनाया जाएगा। नगर पालिका, नागरिक उत्सव समिति, बालाजी मित्र मंडल, भैरव मित्र मंडल तथा सेवा भावी मित्र मंडल एवं राजेश भरावा मित्र मंडल द्वारा रंगपंचमी पर डीजे के साथ शहर में पांच गैरे निकालकर रंग पर्व मनाएंगे। सेवा भावी मित्र मंडल एवं राजेश भरावा मित्र मंडल द्वारा पुल बाजार जागनाथ मंदिर से गैर निकालेगी। समिति अध्यक्ष राजेश भरावा ने बताया कि पांचवे वर्ष में प्रवेश कर डीजे की धुन, तासा पार्टिया व रंगीन बौछारो के साथ सुबह 9 बजे नगर में निकलेंगे। वहीं गुलाल वर्षा व फुलों की होली विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगी। रेलवे फाटक चौराहे पर भी रंगारंग आयोजन होगा। जिसमें रंगबिरंगी गुलाल, डीजे की धून, पानी की बोछार मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेगे।

### गीता भवन से उत्सव समिति की गैर

गीता भवन से उत्सव समिति की गैर: नागरिक उत्सव समिति एवं विनायक ग्रुप के तत्वावधान में गीता भवन प्रांगण से प्रातः 09 बजे गैर निकाली जाएगी। समिति संयोजक पवन सोनी ने बताया कि वर्ष 2003 में गैर की शुरूआत की थी। सतत् 23 वे वर्ष में प्रवेश कर रही इस वर्ष की गैर में मनोरंजन के लिए अत्याधुनिक संगीत के साथ ढोल तासा पार्टी तथा बैंड-बग्गी, गुलाल फाइटर के साथ आदिवासी अंचल का बैंड गैर का मुख्य आकर्षण होगा। गैर गीता भवन प्रांगण से प्रारंभ होकर शुक्रवारिया, पिपली बाजार, जवाहर पथ, चूड़ी बाजार, बजाजखाना, घंटाघर चौराहा, कोठी बाजार, नीम चौक, हंगामा चौक होते हुए घंटाघर चौराहे पर संपन्न होगी।

**नगर पालिका भी निकालेगी गैर :** नगर पालिका परिषद प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी रंगारंग गैर निकालेगी। नपाध्यक्ष अनम-मोहम्मद यूसुफ कड़पा, उपाध्यक्ष सुशील कोचट्टा ने बताया सुबह 10 बजे नगर पालिका प्रांगण में भांग युक्त भजिये और मेवा युक्त शरबत का आयोजन होगा। पश्चात रंगारंग गैर निकलेगी। गैर नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई घंटाघर चौराहे पर समाप्त होगी। गैर में गुलाल से लोगों को रंगीन किया जाएगा। सीएमओ दुर्गा बामनिया सहित अधिकारियो ने निकलने वाली गैर को सफल बनाने की अपील की।

**कमानी गेट पर गुलाल की होली :** प्रियदर्शनी क्लब द्वारा कमानी गेट पर गुलाल ओर फूलो की होली से रंगपंचमी मनाई जाएगी। संस्था संचालक वरूण श्रोत्रिय ने बताया इस मौके पर चार क्विंटल फूल और गुलाल से निकलने वाली गैरो तथा नागरिको का कमानी गेट पर स्वागत किया जाएगा।

एक नजर में — मुख्य मार्गों के साथ गली-मोहल्ले में स्पीड ब्रेकरों से शरीर हो रहा कमजोर

# नामली नगर में स्पीड ब्रेकरों की भरमार, वाहन चालक हो रहे घायल



**नवभारत न्यूज**

**नामली।** नगर में इन दिनों मुख्य मार्गों के साथ हर गली-मोहल्ले में अमानक स्पीड ब्रेकरों की भरमार देखने को मिल रही है। स्थिति यह है कि शहरों की तुलना में भी नामली में अधिक स्पीड ब्रेकर बना दिए गए हैं, जिससे आम वाहन चालक हादसे का शिकार होकर घायल हो रहे हैं।

नगर में कई स्थानों पर बिना किसी अनुमति के मनमाने तरीके से स्पीड ब्रेकर बनाए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि कई जगहों पर नगर परिषद से अनुमति भी नहीं ली जाती और लोग अपनी सुविधा अनुसार ऊंचे स्पीड ब्रेकर बना देते हैं। इन ऊंचे ब्रेकरों के कारण वाहनों को भी नुकसान पहुंच रहा है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। विशेष रूप से सेमलिया रोड और टीचर कॉलोनी रोड के सामने बनाए गए कुछ स्पीड ब्रेकर गलत तरीके से बनाए गए हैं, जहां बाइक सवार कई बार गिर चुके हैं। इसके बावजूद नगर परिषद इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। पैलेस रोड, सेमलिया रोड और महू-नीमच रोड सहित कई स्थान ऐसे हैं जहां बिना आवश्यकता के स्पीड ब्रेकर बना दिए गए हैं। जिम्मेदारी अधिकारी से निवेदन है की गलत तरीके से बने स्पीड ब्रेकरों की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए।

**अमानक ब्रेकरों से हादसे हो रहे:** वाहन चालक अमानत स्पीड ब्रेकरों से गुजरते समय हादसे का शिकार हो रहे हैं। एक वाहन चालक के अनुसार स्पीड ब्रेकर पर वाहन का संतुलन बिगड़ने से वह वाहन सहित गिर गया।

### नियम विपरित बने स्पीड ब्रेकर

नगरवासियों का कहना है कि जहां वास्तव में आवश्यकता हो वहीं नियम अनुसार समतल और मानक ऊंचाई के स्पीड ब्रेकर बनाए जाना चाहिए। वर्तमान में कई गलियों में 4 से 5 तक ऊंचे स्पीड ब्रेकर बना दिए गए हैं, जिससे आए दिन वाहन चालक असंतुलित होकर गिरते नजर आते हैं। इस अमानत स्पीड ब्रेकर से आमजन बीमार हो रहे है और उन्हें भविष्य में शारीर परेशानी का सामना करना पड़ेगा।